खास-खबरें

डेयरी प्लस एवं कामधेनु योजना का हितग्राहियों को अधिक दिलाएं लाभ

भोपालः पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने मंगलवार को मंत्रालय में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। श्री पटेल ने 1 अप्रैल को मंडला जिले के ग्राम कान्हारी कला में राज्यपाल मंगुभाई पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में होने वाले मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के अंतर्गत पशु वितरण के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव, संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ. पीएस पटेल उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना की तिथियों का निर्धारण

भोपालः गरीब, जरूरतमंद, निराश्रित परिवारों की बेटियों के विवाह के लिए आयोजित किए जाने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना के लिए तिथियों का निर्धारण किया गया है। इनमें अक्षय तृतीया 19 अप्रैल, देवउठनी ग्यारस (तुलसी विवाह) 20 नवंबर, बसंत पंचमी 11 फरवरी 2027 तथा एक अन्य तिथि स्थानीय मांग और कलेक्टर के निर्णय अनुसार निर्धारित की जा सकती है। वर्ष 2026-27 में पक्ष 44 हजार से अधिक विवाह करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस पर राज्य सरकार 242 करोड़ से अधिक राशि व्यय करेगी। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग द्वारा सामूहिक विवाह समारोह में भाग लेने वाले जोड़ों की न्यूनतम संख्या 11 और अधिकतम संख्या 200 निर्धारित की गई है। प्रदेश के 55 जिलों में इन अवसरों पर 800 जोड़े यानिकी 44 हजार जोड़ों का विवाह संभव हो सकेगा।

दुर्लभ प्रजाति के कछुओं के आरोपी तस्कर परवेज व करण की प्रथम जमानत याचिका खारिज

भोपालः रेल नेटवर्क के जरिये दुर्लभ एवं प्रतिबंधित प्रजाति के कछुओं की उत्तर प्रदेश से मध्यप्रदेश के विभिन्न शहरों में तस्करी करने वाले आरोपी परवेज एवं करण की प्रथम जमानत याचिका जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल से खारिज कर दी गयी है। स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स मध्यप्रदेश, रेलवे सुरक्षा बल और वन मण्डल भोपाल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए संत हिरदाराम स्टेशन से एक अन्य आरोपी अजय सिंह राजपूत वल्द राजकुमार निवासी इंदौर, जो ट्रेन के फर्स्ट एसी कोच में अटेंडेंट के रूप में कार्यरत था, के पास से 311 नग दुर्लभ एवं प्रतिबंधित प्रजाति के कछुओं को जब्त कर वन अपराध प्रकरण दर्ज कर विवेचना की गयी। गिरफ्तार आरोपी को फॉरेस्ट रिमाण्ड में लेकर पूछताछ एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों का संग्रहण कर नीमच, मंदसौर, रतलाम, इंदौर, देवास, उज्जैन, नागदा, शाजापुर और राज्य के बाहर लखनऊ में दल बनाकर एक साथ छापामारी की गयी। उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों से 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

दोहरे गोलीकांड का आरोपी शादाब कुरैशी पकड़ाया

भोपालः राजधानी में हुए दोहरे गोलीकांड का आरोपी शादाब कुरैशी उर्फ गेट को जलगांव में गिरफ्तार किया गया। शादाब और उसके साथियों ने 13 मार्च को अशोका गार्डन के तिरंगा चौराहे पर हिस्ट्रीशीटर लल्लू रईस के बेटे इमरान को गोली मारी थी। घायल इमरान जब हमीदिया अस्पताल पहुंचा, तो आरोपियों ने वहां भी गोली चलाई थी। पुलिस की टीम जलगांव पहुंची और शादाब को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने शादाब की गिरफ्तारी पर 30 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शादाब के तीन साथियों को भी हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है। अशोका गार्डन और कोहेफिजा पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच की 10 टीमें आरोपी की तलाश में जुटी हुई थीं।

इंजीनियर को शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने का झांसा देकर लाखों की ठगी

भोपालः कोलार थाना इलाके में स्थित बीमाकुंज में रहने वाले निजी कंपनी के इंजीनियर को सायबर जालसाजों ने अपना शिकार बनाकर उसे 3 लाख 22 हजार की चपत लगा दी। जालसाजों ने उन्हें इंस्टाग्राम पर जोड़ा और उसी पर शेयर मार्केट के प्राफिट और लॉस की जानकारी देने लगे। इसके बाद उनसे एक लाख 90 हजार रुपए जमा करा लिए। इंजीनियर ने जब रुपए निकालने का प्रयास किया तब आरोपियों ने जीएसटी और प्रोफेशनल फीस बताकर 3 लाख 22 हजार रुपए हड़प लिए। बाद में उन्हें ग्रुप से रिमूव कर दिया। फरियादी ने घटना की शिकायत सायबर सेल की हेल्पलाइन पर की थी। कोलार पुलिस के मुताबिक फरियादी बीमाकुंज कोलार निवासी सुनील पार्के ने अपनी शिकायत में बताया कि वह टीसीएस कंपनी में इंजीनियर है।

इल्लीगल गैंग के दो और आरोपी गिरफ्तार

भोपालः कोहेफिजा पुलिस ने पुजारी से ब्लैकमेलिंग करने वाली इल्लीगल गैंग के दो अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनो आरोपी वारदात के बाद से ही फरार चल रहे थे। पुलिस ने बताया की पुजारी राकेश खेमरिया से एक युवती के जरिए रेप के झूठे आरोप की साजिश रची थी, उससे पांच घंटे बंधक बनाकर मारपीट की गई और आठ लाख की फिरौती मांगी थी। पुलिस ने आकाश नीलकंठ उर्फ भूरा हड्डी के गुर्गे, प्रदीप उर्फ प्रदुम (30) और अरोरा उर्फ रांगा को गिरफ्तार किया है। दोनों ईदगाह हिल्स वाजपेयी नगर मल्टी में रहते है। दोनों इल्लीगल गैंग के सक्रिय सदस्य है। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

नापतौल विभाग को फिर बम से उड़ाने का धमकी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः एमपी नगर स्थित नापतौल विभाग को एक बार फिर से धमकी भरा ई-मेल मिलने से सनसनी फैल गई। इसके पहले सोमवार को भी एक अज्ञात व्यक्ति ने ई-मेल के जरिए साइनाइड बम विस्फोट कर विभाग को उड़ाने की धमकी दी थी।

इसके बाद मंगलवार को फिर नापतौल विभाग को दूसरा ई-मेल भेज कर आरडीएक्स बम ब्लास्ट की धमकी देते हुए कहा, कि 2 बजे तक सभी लोगों को बाहर निकाल लें, क्योंकि दोपहर 2 बजे बम फटेंगे। ई-मेल मिलने के बाद एक बार फिर प्रशासन और पुलिस विभाग एक्शन में आ गया। सोमवार को मिले ई-मेल में पुलिस की तलाशी तकनीकों की जांच की बात कही गई थी। वहीं अब पाकिस्तान के ड्रोन का इस्तेमाल करके दफ्तर में 4 छोटे आरडीएक्स बम लगाए जाने का जिक्र किया गया है। लिखा था की ये बम 2 बजे फटेंगे साथ ही सभी को तुरंत बाहर निकालने के लिए कहा गया। ई-मेल में तमिलनाडु चुनाव और डीएमके का जिक्र किया गया है। मेल लीगल मेट्रोलॉजी को संबोधित करते हुए लिखा है कि, भोपाल में तमिलनाडु की राजनीति को लाने के लिए माफी चाहता हूं। क्योंकि हमारे पास कोई चारा नहीं हैं। क्योंकि चेन्नई की मीडिया डीएमके के समर्थन में हैं। इसके बाद मेल में तमिलनाडु में महिला उत्पीड़न को लेकर सवाल उठाए गए हैं। इसके साथ ही डीएमके सरकार और वहां की मीडिया को लेकर सवाल उठाए गये हैं। सूचना मिलते ही एमपी नगर पुलिस मौके पर पहुंची और विभाग के कार्यालय में सर्चिंग कराई गई। सुरक्षा के लिहाज से कर्मचारियों को ऑफिस से बाहर कर दिया गया। एमपी नगर थाना प्रभारी जय हिंद शर्मा ने बताया कि धमकी भरे ई-मेल की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने पूरे कार्यालय की जांच कराई, लेकिन मौके पर कोई संदिग्ध वस्तु या बम नहीं मिला। फिलहाल पुलिस ई-मेल भेजने वाले की पहचान जुटाने के प्रयास में लगी है।

वायरल फतवे पर बढ़ा विवाद, जांच को लेकर थाने पहुंची कमेटी

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी में शहर काजी के खिलाफ सोशल मीडिया पर वायरल हुए फतवे को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है।

मंगलवार को ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के पदाधिकारी शाहजहांनाबाद थाने पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर मामले की जांच तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। कमेटी के संरक्षक शमशुल हसन ने बताया कि पीरगेट निवासी सैयद सोहेल अली ने 6 मार्च को दारुल इफ्ता, मसाजिद कमेटी भोपाल से शहर काजी के संबंध में फतवा मांगा था। इसके जवाब में 10 मार्च को फतवा जारी किया गया, जिस पर शहर के मुफ्तियों के हस्ताक्षर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस फतवे को हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल कर शहर काजी की छवि खराब करने और शहर का माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है।

कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष दानिश ने कहा कि फतवा एक व्यक्तिगत दस्तावेज होता है, जिसे सार्वजनिक करना अनुचित है। उन्होंने आशंका जताई कि यह किसी साजिश का हिस्सा हो सकता है, जिसका उद्देश्य शहर काजी को पद से हटाना है। कमेटी ने फतवा जारी करने, मांगने और उसे वायरल करने वाले सभी पक्षों की जांच की मांग की है।

वहीं, शाहजहांनाबाद थाना प्रभारी ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि फतवा सोशल मीडिया पर किसने वायरल किया। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

संघ की नई संरचना लागू, प्रदेश स्तरीय संगठन व्यवस्था शुरू

मप्र में सात संभाग, कार्य विस्तार और समन्वय की दिशा में बदलाव

नप्र, भोपाल : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने अपने शताब्दी वर्ष के अवसर पर संगठनात्मक संरचना में बड़ा बदलाव करते हुए प्रदेश में प्रांतों का पुनर्गठन किया है। अब मध्य प्रदेश को एक ही प्रदेश के रूप में संगठित किया जाएगा, जबकि पहले इसमें तीन अलग-अलग प्रांत थे। इसके साथ ही 'संभाग' की नई इकाई जोड़ी गई है, जिससे कार्य में समन्वय और विस्तार की गति तेज होगी।

मध्य भारत प्रांत के प्रांत संघचालक अशोक पांडे ने बताया कि अब प्रदेश में सात संभागों में कार्यसमितियां स्वतंत्र रूप से कार्य करेंगी, जिनमें भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, उज्जैन, सागर, जबलपुर और रीवा शामिल हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि विभागीय, जिला और तहसील व्यवस्था यथावत रहेगी, लेकिन अब संभाग स्तर पर कार्य होगा, जिससे कार्य का बेहतर विभाजन होगा।

संघ की शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के तहत विजयादशमी उत्सव, हिन्दू सम्मेलन, युवा संवाद, गृह संपर्क अभियान जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा की गई। इसके अलावा, संघ द्वारा नशामुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर भी कार्य किया जा रहा है। पांडे ने बताया कि संघ के कार्य विस्तार के परिणामस्वरूप, देशभर में शाखाओं की संख्या 88,949 तक पहुंच चुकी है, जो समाज के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

कांग्रेस ने की 575 रुपए बोनस और खरीदी तारीख बढ़ाने की मांग

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः प्रदेश कांग्रेस ने प्रदेश सरकार पर किसानों के खिलाफ काम करने का आरोप लगाते हुए उनके मुद्दों पर तीखा हमला किया।

अभा कांग्रेस कमेटी सचिव कुणाल चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि सरकार की नीतियां किसानों के हित में नहीं, बल्कि उन्हें कर्ज और आर्थिक संकट में धकेलने का काम कर रही हैं। श्री चौधरी ने सरकार पर आरोप लगाया कि किसानों को 575 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने का वादा किया गया था, लेकिन अब केवल 40 रुपये बढ़ाकर उन्हें धोखा दिया जा रहा है।

उन्होंने तत्काल पूरा 575 रुपये बोनस देने की मांग की। इसके साथ ही, गेहूं खरीदी की तारीख को 16 मार्च से बढ़ाकर 1 अप्रैल करने के निर्णय पर सवाल उठाते हुए इसे किसानों के खिलाफ बताया। उनकी मांग है कि खरीदी की तारीख 31 अप्रैल तक बढ़ाई जाए। कांग्रेस ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर भी हमला करते हुए आरोप लगाया कि किसानों के नाम पर कर्ज देकर उनके साथ धोखा किया जा रहा है। वैश्विक परिस्थितियों का असर किसानों पर पड़ेगा।

योग शिविर व जन्मोत्सव सप्ताह

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः चौक जैन धर्मशाला में राष्ट्रीय जिनशासन एकता संघ के तत्वावधान में आदिनाथ भगवान के जन्मोत्सव सप्ताह का समापन योग और व्यायाम शिविर के साथ किया गया। योगाचार्य अशोक जैन ने कहा कि शरीर और आत्मा को स्वस्थ रखना हमारी स्वयं की जिम्मेदारी है। मंदिर जाना, पूजा पाठ और परोपकार के कार्य आत्मा को स्वस्थ रखते हैं, वहीं योग और व्यायाम शरीर को स्वस्थ बनाते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं उपस्थित हुईं और योगाभ्यास तथा व्यायाम से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। संगठन के प्रवक्ता दीपेश जैन ने बताया कि शिविर का उद्देश्य जीवन को संतुलित बनाना और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। इस अवसर पर जैन समाज के अध्यक्ष पंकज जैन सुपारी, राकेश जैन गोहिल, जयदीप जैन शास्त्री, आदित्य जैन मनाया, डॉ. मनोज जैन, योग गुरु राजीव जैन और अन्य समाजिक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने समुदाय में स्वास्थ्य और योग के महत्व को उजागर किया और सभी उपस्थित लोगों ने आनंद और लाभ की अनुभूति की।

कांग्रेस ने दुकानदारों को बांटा कोयला सरकार पर साधा निशाना

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र में रसोई गैस और कमर्शियल सिलेंडरों की कथित कमी को लेकर कांग्रेस ने अनूठे अंदाज में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेता रविंद्र साहू झुमरवाला ने आज मंगलवार को बरखेड़ा पठानी चौराहे पर दुकानदारों और आम नागरिकों के बीच कोयले का वितरण कर गैस संकट की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित किया।

रविंद्र साहू ने कहा कि मध्य प्रदेश में रसोई गैस की गंभीर किल्लत के कारण छोटे होटल संचालक, चाय दुकानदार और आम परिवार सिलेंडर के लिए भटकने को मजबूर हैं। गैस उपलब्ध नहीं होने से लोगों को मजबूरन पुराने समय की तरह कोयला और लकड़ी का सहारा लेना पड़ रहा है। इसी सच्चाई को उजागर करने के लिए यह प्रतीकात्मक विरोध किया गया।

कांग्रेस ने मांग की कि घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति तत्काल सुचारू की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ, तो कांग्रेस जनता और व्यापारियों के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन करेगी।

पेड़ पर लटकी मिली युवक की लाश

भोपालः बिलखिरिया पुलिस ने कोकता डेम के पास पेड़ पर लटकी हुई एक युवक की लाश बरामद की है। शुरुआती जॉच में मामला आत्महत्या का लग रहा है, हालांकि मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस का कहना है, कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण साफ हो सकेगा। पुलिस को मंगलवार सुबह सूचना मिली कि कोकता डेम के पास पेड़ पर बने फांसी के फंदे पर एक युवक का शरीर लटका है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जॉच के बाद मृतक का शव बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुरुआत पड़ताल में मृतक की पहचान 30 वर्षीय विकास के रूप में की गई है। वह अशोका गार्डन के सेमरा में अपने भाई के साथ रहता था। बीती रात वह अपनी बाइक उठाकर अचानक ही गायब हो गया था। पुलिस इस बात की भी जॉच कर रही है कि कहीं उसका किसी बात को लेकर अपने भाई से तो कहासुनी नहीं हो गई थी। जिसके चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया हो। जॉच टीम का कहना है कि परिजनों के डिटेल बयान दर्ज किये जाने के साथ ही अन्य बिंदुओ की जॉच पूरी होने के बाद ही आत्महत्या का सही कारण साफ हो सकेगा।

प्रतिभाशाली नारी शक्ति सम्मान

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः एमपी नगर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में पूनम संत महिला एवं विकास समिति द्वारा आयोजित 'नारी शक्ति सम्मान' समारोह संपन्न हुआ। शुभारंभ समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूनम संत ने दीप प्रज्वलन करके किया।

उन्होंने नारी सशक्तिकरण और महिलाओं की आत्मनिर्भरता पर प्रकाश डालते हुए बेटी है तो कल है, मिशन दुर्गा और सखी जोड़ो जैसे प्रोजेक्ट की जानकारी साझा की। विभिन्न महिला समूहों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। तत्पश्चात उत्कृष्ट योगदान और सेवा के लिए महिलाओं का सम्मान किया गया। डॉ. अंजना सिंह मर्सकोले को चिकित्सा सेवा, श्रीमती सविता मालवीय, कृष्णा सिंह और इंदिरा सोनपुरे को समाज सेवा, श्रीमती प्रियंका सिंह और चमेली पवार को प्रशासनिक सेवा, श्रीमती दिशा पाठक को योग क्षेत्र और डॉ. संगीता चौरसिया को शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। समारोह ने नारी सशक्तिकरण और समाज में महिलाओं की भूमिका को उजागर किया। अंत में स्वादिष्ट भोजन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें महिलाओं ने प्रेरणा और उत्साह का अनुभव किया। साथ ही समाज में इस तरह के आयोजन करने हेतु लोगों को प्रेरित भी किया।

स्पीड पोस्ट व पार्सल सेवाओं का शुभारंभ

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः भारतीय डाक विभाग द्वारा अपनी सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, त्वरित एवं ग्राहक-हितैषी बनाने की दिशा में 17 मार्च को 24 स्पीड पोस्ट, 48 स्पीड पोस्ट तथा 24 स्पीड पोस्ट पार्सल सेवाओं का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर ग्राहकों एवं व्यापारिक सहयोगियों के साथ संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से कॉन्फ्रेंस हॉल, प्रथम तल, डाक भवन, अरेरा हिल्स में ग्राहक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इन नई सेवाओं का औपचारिक शुभारंभ संचार मंत्री एवं उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री चन्द्रशेखर पेम्मासानी द्वारा नई दिल्ली से किया गया। इसका सीधा प्रसारण भोपाल में आयोजित ग्राहक सम्मेलन में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को दिखाया गया।

अध्यक्षता करते हुए आर.एस. रघुवंशी, निदेशक डाक सेवाएँ (मुख्यालय) ने कहा कि भारतीय डाक विभाग निरंतर अपनी सेवाओं को आधुनिक एवं अधिक प्रभावी बनाने के लिए प्रयासरत है। 24 स्पीड पोस्ट', 48 स्पीड पोस्ट' एवं 24 स्पीड पोस्ट पार्सल' सेवाओं की शुरुआत से ग्राहकों को समयबद्ध, विश्वसनीय एवं त्वरित डाक एवं पार्सल वितरण की सुविधा प्राप्त होगी, जिससे व्यापारिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

युवाओं से मानवता, कर्तव्य और सेवा का आव्हान

राज्य ब्यूरो, नईदुनिया, भोपालः राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि स्काउटिंग और गाइडिंग का मूलमंत्र ईश्वर और देश के प्रति कर्तव्य, दूसरों की सेवा और चरित्र निर्माण मानवता की नींव है।

उन्होंने बिम्सटेक कार्यक्रम में भाग लेने वाले क्षेत्रीय युवाओं को भौगोलिक सीमाओं से परे मानवता, सह-अस्तित्व और सामूहिक उत्तरदायित्व को सुदृढ़ करने का आह्वान किया। यह कार्यक्रम यूथ कल्चरल हेरिटेज एंड सस्टेनेबिलिटी इमर्शन प्रोग्राम के तहत आयोजित किया गया, जिसमें भारत सहित बांग्लादेश, भूटान, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड के स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स और रेंजर्स तथा पदाधिकारी शामिल थे। समारोह कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित हुआ, जिसमें सेंट माउंट फोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि बिम्सटेक दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया के साझा इतिहास, समुद्री परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत स्वरूप है। यह 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना का आधुनिक रूप प्रस्तुत करता है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे एक-दूसरे की विविध संस्कृतियों को समझें और स्थायी मित्रता स्थापित करें।

संयुक्त सचिव बिम्सटेक सीएसआर राम ने बताया कि यह आयोजन 'इंडो-पैसिफिक' और 'ग्लोबल साउथ' के दृष्टिकोण को मजबूत करेगा और युवाओं को सांस्कृतिक विरासत और सतत विकास से जोड़ने में मदद करेगा। चीफ नेशनल कमिश्नर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स डॉ. केके खंडेलवाल ने कहा कि बिम्सटेक बंगाल की खाड़ी को जोड़ने वाला सेतु है और यह नेतृत्व और सहयोग की सीख देने वाला मंच है। स्टेट चीफ कमिश्नर मध्यप्रदेश पूर्व मंत्री पारस चंद्र जैन, सेवानिवृत्त आईपीएस पवन कुमार श्रीवास्तव, डायरेक्टर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स दर्शना पावस्कर मंचासीन रहे।

ईदगाह में पहले अदा की जाएगी ईद की नमाज

रमजान मुबारक का महीना अपने आखिरी मुकाम पर है। इसके साथ ही ईद उल फित्र की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। ईद की नमाज़ को लेकर शहर काज़ी सैयद मुश्ताक अली नदवी ने नमाज़ों का वक्त जारी कर दिया है। शहर की प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों में ईद की विशेष नमाज़ अलग-अलग वक्त पर अदा की जाएगी। शहर काज़ी के अनुसार सबसे पहले ईद की नमाज़ ईदगाह में होगी, जबकि सबसे आखिरी नमाज़ एमपी नगर स्थित मस्जिद रब्बानी में अदा होगी। तय वक्त के अनुसार ईदगाह में सुबह 7.30 बजे ईद की नमाज सबसे पहले पढ़ी जाएगी। जामा मस्जिद में सुबह 7.45 बजे, ताज-उल-मसाजिद मेंसुबह 8 बजे, मोती मस्जिद में सुबह 8.15 बजे अदा की जाएगी।

पश्चिम मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

खुली निविदा क्रमांक.: WCR-CRWS-SSTROUGH-25-48

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा अनुभवी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम** :मेनूफेक्चरिंग, सप्लाई एंड फिटमेंट ऑफ एसएस ट्रफ बिलो रुफ-माउंटेड पैकेज यूनिट्स (आरएमपीयू) इन प्लेस ऑफ एफआरपी ट्रफ एलएचबी एसी कोचेस ड्यूरिंग एसएस2/एसएस3/एमएलआर ऐट सीआरडब्ल्यूएस, भोपाल । **कार्य की लागत** : रु. 3,18,37,402.70, **निविदा फॉर्म का मूल्य** : रु. 0.00, **धरोहर राशि** : रु. 3,09,200.00, **कार्य पूर्ण करने की** : 24 माह, **ऑनलाइन बिडिंग प्रारम्भ होने का दिनांक/ ऑनलाइन निविदा बंद होने का दिनांक एवं समय** : 23.03.2026/ 06.04.2026, 15.00 बजे तक, **निविदा खुलने का दिनांक एवं समय** : 06.04.2026, 15.30 बजे निविदा तथा निविदा प्रारूप की विस्तृत जानकारी भारत सरकार की वेब साइट 'www.ireps.gov.in' एवं निविदा सूचना मुख्य कारखाना प्रबन्धक, सडिपुका/भोपाल कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

हस्ता.

मुख्य कारखाना प्रबंधक

सडिपुका, निशातपुरा, प.म.रे, भोपाल

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अंगुरी तोमर W/O विजय, निवासी हाऊस नं. 39, वार्ड, नं. 2, खिड़िया मोहल्ला मंडीदीप नादौर मंडीदीप मध्यप्रदेश। मेरे शासकीय दस्तावेज, आधार, पेन कार्ड, बैंक पास बुक इत्यादि में मेरा नाम अंगुरी तोमर (ANGURI TOMAR) W/O विजय (VIJAY) है जो कि सत्य व सही है, जबकि मेरे अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम गलत अंकित है, जैसे अंगुरी (ANGURI) अंगुरी बाई, (ANGURI BAI) अंगुरी बाई, तोमर, (ANGURI BAI TOMAR) W/O विजय तोमर (VIJAY TOMAR) अतः आधार, पेन कार्ड अनुसार ही नाम सभी दस्तावेजों में सुधार कर मुझे सही नाम अंगुरी तोमर (ANGURI TOMAR) W/O विजय (VIJAY) के नाम से ही लिखा व पढ़ा एवं जाना पहचाना जाये।

(ANGURI TOMAR) W/O VIJAY)

3977

नाम परिवर्तन सूचना

मैं नायरा विश्वकर्मा (Naiera Vishwakarma), निवासी house Number A -902 Kanha Tower E-6 Colony Bhopal भोपाल, ने अपना नाम बदलकर नायरा यादव (Naiera Yadav) रख लिया है। अब से मेरे सभी शासकीय एवं गैर-शासकीय कार्यों में मेरा नाम नायरा यादव (Naiera Yadav) ही मान्य होगा।

पुराना नामः नायरा विश्वकर्मा (Naiera Vishwakarma)

नया नामः नायरा यादव (Naiera Yadav)

3976

Indira Priyadarshini College, Bhopal

Affiliated to Barkatullah University

Requires

Asst. Professor for Following Subjects

Computer Science-2, Management-2

Qualification as per AICTE Norms

Contact : 0755-2738738, 9893593944

Drop your resume ipcbhopal@rediffmail.com

मध्यप्रदेश पुलिस आवास एवं अधोसंरचना विकास निगम

कार्यालय परियोजना यंत्री, भदभदा रोड, संभाग भोपाल-03

मोबाइल नं. : 9425601545

ई-मेल : mpphidcbpl3@gmail.com

क्र.- मप्रपुआअविनि/308/पयं/भोपाल-03/तशा/2026

भोपाल, दिनांक : 16.03.2026

प्रेस विज्ञप्ति

भोपाल संभाग-3 अंतर्गत विशेष मरम्मत कार्य एवं निर्माण कार्य जिला सागर एवं नर्मदापुरम हेतु निविदा क्रमांक 24/2025-26 (ऑनलाइन निविदा क्रमांक- 491456, 491457, 491459, 491461, 491462, 491463, 491466) आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक **30.03.2026 सायं 5:00 बजे तक** ऑनलाइन खरीदे एवं दस्तावेज अपलोड किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal : https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/124951/2026 **परियोजना यंत्री**